# 12. समानार्थी शब्द

किसी शब्द का एक जैसा अर्थ रखने वाले शब्द समानार्थी शब्द कहलाते हैं। यह शब्द अलग-अलग होते हैं पर इनका अर्थ एक ही होता है।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका पाठ पृष्ठ पर दिए चित्रों को दिखाएँ तथा उनके अलग-अलग नाम पढ़वाएँ।
- ❖ समझाएँ, ये शब्द समान अर्थ रखते हैं।
- ❖ बच्चों से बातचीत करते हुए पूछें, वे सूरज, चंद्रमा, माँ, वर्षा आदि के लिए क्या नाम प्रयोग करते हैं। कोई बारिश कहता है तो कोई वर्षा, कोई माँ पुकारता है तो कोई मम्मी आदि। इस प्रकार समानार्थी शब्दों से परिचित करवाएँ।
- ❖ पाठ में आए अन्य समानार्थी शब्दों को बच्चों से पढ़वाएँ।
- ❖ कुछ शब्दों का वाक्य प्रयोग भी करवाएँ। मौखिक रूप से जैसे– **आकाश** में **बादल** छाए हैं। **आसमान** में काले **मेघ** छा गए।
- ❖ बच्चों पर ध्यान दें कि वे भली-भाँति विषय को समझ पा रहे हैं या नहीं।
- ❖ पाठ अभ्यास करवाने में यथासंभव सहायता करें।